

झाँसी : टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप की बैठक में शामिल अधिकारी।

2 हजार करोड़ से बनेगी केन-बेतवा लिंक नहर, 3 माह में पूरी होगी टेण्डर प्रक्रिया

- टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप की दो दिन चली बैठक में लिए गए अहम निर्णय
- 220 किलोमीटर लम्बी नहर को दो पैकेज में बनाने की तैयारी
- बरूआसागर, पारीछा व बरियारपुर जलाशय के गेट का डिजाइन भी फाइनल

झाँसी : केन-बेतवा लिंक परियोजना का श्रीगणेश होने जा रहा है। झाँसी में दो दिन चली टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप की बैठक में इस परियोजना को लेकर कई अहम निर्णय लिया गए। कमिटि ने केन का पानी बरुआसागर तक लाने के लिए बनाई जाने वाली 220 किलोमीटर लम्बी नहर के बिड डॉक्यूमेण्ट पर भी मोहर लगा दी है। यह नहर दो हिस्सों में बनेगी, जिस पर 2 हजार करोड़ से अधिक का खर्च आएगा। इसके साथ ही तीन जलाशयों के गेट का डिजाइन भी फाइनल कर लिया गया है।

सरकार की नदी जोड़ो परियोजना में सबसे पहले शामिल होने वाली केन-बेतवा लिंक परियोजना की गतिविधियाँ अब तेज हो गई हैं। लगभग 15 साल से कागजों में चल रही यह परियोजना अब जमीन पर आने जा रही है। शनिवार व रविवार को अटल एकता पार्क के सभागार में टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप की बैठक चेयरमैन डीपी भार्गव, केन-बेतवा लिंक परियोजना प्राधिकरण के सीईओ पीके दीक्षित, एसीईओ आरके मिश्रा, रिटायर्ड चीफ एंजिनियर जीपी सोनी, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी देवेश शुक्ला की उपस्थिति में हुई। बैठक में दौधन डैम से बरुआसागर तक बनने वाली 220 किलोमीटर लम्बी नहर के बिड डॉक्यूमेण्ट पर चर्चा की गई। बताया गया कि लगभग 2016 करोड़ की लागत से इस नहर का निर्माण दो पार्ट में कराया जाएगा। 110-110 किलोमीटर में नहर को विभाजित किया जाएगा। इसकी टेण्डर प्रक्रिया शुरू करने को हरी झण्डी दे दी गई। अगले 3 माह में टेण्डर प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके अलावा पारीछा, बरुआसागर, बरुआसागर जलाशय के गेट का डिजाइन भी फाइनल कर लिया गया है। बैठक में महोबा में 15 तालाब के उच्चीकरण की डीपीआर पर भी चर्चा की गई।

3 जिलों को मिलेगा पानी

दौधन डैम से बरुआसागर तालाब तक बनाई जाने वाली 220 किलोमीटर लम्बी नहर का पानी झाँसी के अलावा महोबा व बाँदा को भी मिल सकेगा। झाँसी में यह नहर झाँसी व मऊरानीपुर तहसील के बघौरा, बोण्डा, बंगराधवा, मगरवारा, लुहर गाँव भाट, घुराट, बमनगुवाँ, सकरार, घुघुवा, पाथगुवा से निकलेगी।

nwda.gov.in